ज्ञापन

कोयतोड़ आदिवासी समाज ने सांवरी विद्युत केंद्र पहुंचकर सौंपा ज्ञापन, पेयजल संकट और भीषण गर्मी से जनता बेहाल

# बिजली कटौती से भड़का जनाक्रोश : हजारों ग्रामीणों के साथ सब-स्टेशन घेराव की चेतावनी



**नवभारत न्यूज**
**मोहखेड़, 1 जून, क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती अब जनआंदोलन का रूप लेती दिखाई दे रही है। भीषण गर्मी के बीच घंटों बिजली गुल रहने से परेशान ग्रामीणों का गुस्सा सोमवार को उस समय फूट पड़ा, जब कोयतोड़ आदिवासी समाज संघ मोहखेड़ के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण सांवरी विद्युत सब-स्टेशन पहुंचे और जूनियर इंजीनियर (जेई) को ज्ञापन सौंपकर तत्काल व्यवस्था सुधारने की मांग की।**

इस दौरान लावाघोघरी थाना प्रभारी अलताफ खान, सांवरी चौकी प्रभारी मुकेश द्विवेदी तथा नायब तहसीलदार रामकांत चौकसे भी मौजूद। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सांवरी सहित आसपास के दर्जनों गांवों में पिछले कई दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह चरमरा गई है। बिना किसी पूर्व सूचना के घंटों बिजली बंद रहने से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को झेलनी पड़ रही है। गर्मी के कारण घरों में रहना मुश्किल हो गया है, वहीं रात के समय बिजली कटौती से लोगों की नींद तक प्रभावित हो रही है। कोयतोड़ आदिवासी समाज संघ के प्रतिनिधि अजय रामजी धुर्वे ने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीण लगातार बिजली समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन विभाग इस ओर गंभीरता नहीं दिखा रहा। उन्होंने कहा कि बिजली नहीं रहने से जलापूर्ति व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। गांवों में लगी मोटरें बंद रहने से लोगों को पीने के पानी के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर महिलाओं को दूर-दूर से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि किसानों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। सिंचाई कार्य प्रभावित होने से फसलों पर संकट मंडरा रहा है। छोटे व्यवसाय और घरेलू कामकाज भी बिजली संकट की भेंट चढ़ रहे हैं। लगातार बढ़ रही समस्या के बावजूद विभाग द्वारा कोई स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा।

### तीन दिन का अल्टीमेटम, नहीं सुधरी व्यवस्था तो होगा उग्र आंदोलन

ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने बिजली विभाग को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि अगले दो से तीन दिनों के भीतर अघोषित बिजली कटौती पर रोक लगाकर नियमित आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई, तो क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों के साथ सांवरी सब-स्टेशन का घेराव किया जाएगा। आंदोलन को और व्यापक रूप देने के लिए आसपास के गांवों को भी जोड़ा जाएगा।अजय धुर्वे ने कहा कि यदि विभाग की लापरवाही के कारण आंदोलन की स्थिति निर्मित होती है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी बिजली विभाग और प्रशासन की होगी। ग्रामीण अब केवल आश्वासन नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर सुधार चाहते हैं।

### प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन सौंपने के दौरान क्षेत्र के बड़ी संख्या में ग्रामीण और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर अनिल उईके, दिलीप उईके, दीपचंद धुर्वे, नरेंद्र सरयाम, रामभरोस कवरेती, राहुल उईके, अभिषेक उईके, दुर्गेश कोडापे, शुभम, विक्की धुर्वे सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

### गर्मी में बिजली संकट बना सबसे बड़ा मुद्दे

क्षेत्र में तापमान लगातार बढ़ रहा है। ऐसे समय में बार-बार हो रही बिजली कटौती लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में आंदोलन और भी उग्र रूप ले सकता है। अब पूरे क्षेत्र की निगाहें बिजली विभाग की कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

# अंत्येष्टि सहायता राशि का किया गया वितरण



**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 1 जून, नगर के वार्ड क्रमांक 5 में श्रीमती नीमा डेहरिया की मृत्यु हो जाने के बाद उनके पति रामकुमार डेहरिया को अंत्येष्टि राशि 5000 रुपए उनके घर जाकर प्रदान की गई।**

मृतक के परिवार को संबल कार्ड अंतर्गत शासन की योजना के तहत 200000 की आर्थिक सहायता जल्द ही प्रदान किए जाने की बात भी कही गई। इस दौरान मृतक परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष शरद कुरोलिया, वार्ड नंबर 16 की पार्षद महोदय उर्मिला आम्रवंशी, अजब राव, प्रवीण पांडे उपस्थित रहे।

# बाह्य न हो लोक सेवा गारंटी का एक भी प्रकरण : कलेक्टर

## कलेक्टर ने ली समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 1 जून, कलेक्टर हरेन्द्र नारायन ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा के साथ ही सीएम हेल्पलाइन, न्यायालयीन प्रकरणों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं विभिन्न आयोगों के लंबित पत्रों की भी विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई।**

कलेक्टर श्री नारायन ने स्पष्ट निर्देश दिए कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम का एक भी प्रकरण समय सीमा बाह्य नहीं होना चाहिए। इसी तरह सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें नॉट अटेंडेड रहना भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इन दोनों तरह के प्रकरणों को सभी अधिकारी गंभीरता से लें। अधिकारी स्वयं इनकी नियमित मॉनिटरिंग करें और समय पर निराकरण सुनिश्चित कराएं। बीते दिनों समय सीमा बाह्य प्रकरणों में संबंधित जिम्मेदार शासकीय सेवकों पर जुर्माना भी लगाया गया है। जिले में जनगणना 2027 का प्रथम चरण सुचारू एवं समयबद्ध रूप से संपन्न होने पर कलेक्टर श्री नारायन ने जिला जनगणना अधिकारी और जिले की पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने इसी तरह द्वितीय चरण का कार्य भी संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षण सत्रों पर इस बार की तरह ही जोर देने की बात कही।

### योजना में सभी पात्रों के पंजीयन पर हो फोकस

कलेक्टर श्री नारायन ने प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में जिले के अधिक से अधिक असंगठित श्रमिकों को पंजीकृत कराते हुए लाभान्वित करने पर पुन: जोर दिया और योजना से होने वाले लाभों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने बताया कि यह असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए भारत सरकार की एक पेंशन योजना है, जो 60 वर्ष की आयु के बाद 3,000 की मासिक पेंशन और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करती है। आयु 18 से 40 वर्ष के बीच के श्रमिक जिनकी मासिक आय/मानदेय 15000 या उससे कम हो इसके लिए पात्र हैं। अंशदान तालिका के अनुसार 18 वर्ष आयु के व्यक्ति को 55 रूपये प्रतिमाह और 40 वर्ष आयु के व्यक्ति को 200 रूपये प्रतिमाह अंशदान होगा। इसी तरह अलग-अलग आयु वर्ग के अनुसार बहुत ही कम राशि का अंशदान जमा कर इसका लाभ उठाया जा सकता है। 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर श्रमिक द्वारा जमा किए गए अंशदान की राशि भी वापस हो जाएगी और हर माह 3000 रूपये की पेंशन भी प्राप्त होगी। अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर अथवा मानधन पोर्टल पर जाकर पात्र व्यक्ति स्वयं को रजिस्टर करा सकते हैं।

### इस बार 5 गुना से अधिक हुआ गेहूं का उपार्जन

बैठक में बताया गया कि इस वर्ष जिले में 84 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 1 लाख 32 हज़ार मेट्रिक टन गेहूं का उपार्जन 16306 पंजीकृत कृषकों से किया गया है, जो गत वर्ष की तुलना 5 गुने से भी अधिक है। इसके लिए कलेक्टर श्री नारायन ने नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर सहित जिला आपूर्ति अधिकारी और सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को बधाई दी। अभी तक 15742 कृषकों को 274 करोड़ से अधिक की राशि का भुगतान किया जा चुका है।

### जिला अस्पताल में आयुष की भी ओपीडी

कलेक्टर श्री नारायन ने सिविल सर्जन को जिला अस्पताल में आयुष विभाग की ओपीडी के लिए भी कक्ष आवंटित करने के निर्देश दिए। वर्तमान में जिला अस्पताल की रेग्यूलर ओपीडी के साथ आयुष विभाग की एक ओपीडी संचालित की जाएगी। आवश्यकतानुसार संख्या बढ़ाने पर निर्णय लिया जाएगा ।

### आरोह ग्रीष्मकालीन कराते शिविर में फिजिकल फिटनेस एवं साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

**जुन्नारदेव।** आरोह ग्रीष्मकालीन कराते प्रशिक्षण शिविर शास उच्च माध्य विद्या बाह्मणवाड़ा में प्रशिक्षणार्थियों को टी आई रेलवे पुलिस गिरीश तिवारी के द्वारा सड़क सुरक्षा के नियम तथा साइबर अपराध से सतर्क रहने की जानकारी दी गई साथ ही सभी को अपने दैनिक जीवन में अनुशासन के महत्व से अवगत कराया गया। वहीं फिसिकल फिटनेस की बारिकियों से नवोदय विद्यालय कराते प्रशिक्षक स्वाति मोहबे द्वारा अवगत कराया गया। ब्लॉक समन्वयक विभा तारन एवं ओंकार मोहबे के मार्गदर्शन में शिविर में कराते एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन समय समय पर किया जा रहा है।




# धनोरा में महिला कांग्रेस की बैठक सम्पन्न

## संगठन विस्तार और सदस्यता अभियान को लेकर तैयारी



**नवभारत न्यूज**
**धनौरा, 1 जून, अमरवाड़ा महिला ब्लॉक कांग्रेस एवं धनौरा महिला कांग्रेस की आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। आयोजित दोनों ही बैठकों में संगठन विस्तार पर जोर दिया गया। आगामी समय में महिला कांग्रेस के द्वारा चलाए जाने वाले सदस्यता अभियान की तैयारियों पर चर्चा की गई। उपस्थित महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों से सुझाव लिए गए जिन पर परिस्थिति अनुसार अमल करने पर सार्थक चर्चा भी हुई।**

आयोजित दोनों ही बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सरला सिसोदिया श्रीवास्तव ने महिला कांग्रेस को अमरवाड़ा के गांव-गांव, मंजरे व टोलों तक पहुंचाने के लिए सभी से एकजुटता के साथ कार्य करने की अपील की। उन्होंने उपस्थित महिला कांग्रेस की नेत्रियों से कहा कि अमरवाड़ा और धनौरा के हर घर से कम से कम एक महिला पदाधिकारी व कार्यकर्ता होनी चाहिए। इसके लिए स्थाई महिला नेत्रियों को घरों से निकलकर सदस्यता अभियान को पूरी ताकत व जिम्मेदारी के साथ चलाना होगा। उन्होंने उपस्थितों को आश्वस्त किया कि जहां भी उनकी आवश्यकता होगी वे उपस्थित होंगी या फिर मार्गदर्शन करेगी। किन्तु स्थानीय स्तर पर कार्य करने की जिम्मेदारी ब्लॉक महिला कांग्रेस, क्षेत्रीय महिला कांग्रेस व बूथ की महिला पदाधिकारी और कार्यकर्ता की है, क्योंकि स्थानीय सम्पर्क यहां के लोगों का मजबूत होगा। जिला स्तर से जो भी मार्गदर्शन व मदद की आवश्यकता होगी यथासंभव मदद करने के लिए वे तैयार है।

अमरवाड़ा व धनौरा महिला कांग्रेस की उपस्थित नेत्रियों ने आश्वस्त किया कि जल्द ही वे सदस्यता अभियान को लेकर मैदान में उतर जाएंगी और जिसके मंशानुरूप परिणाम भी सामने आएंगे। आयोजित बैठक में जिला महिला कांग्रेस की प्रभारी मंजू बैस, रानू डेहरिया, गीता विश्वकर्मा, जामवती सिंगोतिया, सुशीला शर्मा, सुशीला मारपे, हेमराज सिंगोतिया व रामनाथ धुर्वे सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# भुताह छाबड़ी में धूमधाम से रचाया गया श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह, झूम उठे श्रद्धालु




**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 1 जून, जुन्नारदेव विकासखंड ग्राम पंचायत खापा स्वामी के ग्राम भुतहा छाबड़ी में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के छठवें दिन रविवार, 31 मई की रात्रि को भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मणी के विवाह का प्रसंग बड़े ही धूमधाम और उल्लास के साथ सुनाया गया।**

श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथा वाचक आचार्य रोहितानंद महाराज ने संगीतमय शैली में श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह की कथा का सुंदर बखान किया। कथा के दौरान जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी के विवाह की रस्में शुरू हुई, पूरा पंडाल हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की और जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर नृत्य करने लगे। भागवत कथा का वाचन प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक किया जा रहा है। कथा का समापन मंगलवार रात्रि में किया जाएगा इसके उपरांत बुधवार को यज्ञ की अग्नि में पूर्णाहुति के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

कथा आयोजक ग्राम भुतहा छावड़ी के समस्त ग्रामीणों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने और धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की तिमाही बैठक का आयोजन आज

**छिंदवाड़ा।** कलेक्टर हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में 02 जून मंगलवार को कलेक्टर कार्यालया के सभाकक्ष में शाम 05.00 बजे जिला स्तरीय समीक्षा समिति मार्च 2026 तिमाही एवं समय 05.30 बजे जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की मार्च 2026 तिमाही बैठक का आयोजन किया गया है। अग्रणी जिला प्रबंधक सतीश कुमार ने सभी बैंकों के जिला समन्वयकों और संबंधित विभाग के अधिकारियों को जानकारी के साथ बैठक में स्वयं उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

# ननि द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई




**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 1 जून, नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय के निर्देशानुसार नगर निगम अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।**

कार्रवाई के दौरान जिला उद्योग कार्यालय से शुक्ला ग्राउंड तक सड़क पर अतिक्रमण कर लगाए गए गन्ने के हाथ ठेलों को हटवाया गया। इसके साथ ही ईएलसी चौक, सिटी कोतवाली, जिला चिकित्सालय के सामने, पोस्ट ऑफिस के पास तथा टाउन हॉल के सामने संचालित हाथ ठेलों एवं फुटकर व्यापारियों को सड़क से हटाकर व्यवस्थित किया गया।

नगर निगम अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा सभी व्यापारियों को निर्धारित स्थानों पर ही दुकान लगाने तथा सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण नहीं करने की समझाइश दी गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि भविष्य में सड़क एवं यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वाले अतिक्रमण पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की है कि वे यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने तथा आमजन की सुविधा के लिए सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण न करें और निर्धारित स्थानों पर ही अपना व्यवसाय संचालित करे

# अमरवाड़ा ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारियों में जिला अध्यक्ष ने भरा जोश



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 1 जून, कांग्रेस की संगठनात्मक गतिविधियां तेज हो चुकी है जिसके तहत ब्लॉक, क्षेत्रीय और बूथ स्तर के पदाधिकारियों को और अधिक सक्रिय करने के लिए सतत रूप से बैठकें आयोजित कर उनका मार्गदर्शन करने के साथ ही काम के तौर-तरीकों में बदलाव लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अमरवाड़ा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई जिसमें संगठन को लेकर कमलनाथ एवं नकुलनाथ मंशा से उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को अवगत कराया गया।**

आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ का हाथ और साथ हमेशा हमारे साथ है। इसीलिये किसी से डरने की आवश्यकता नहीं है। जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता से उठाएं और संगठन की मजबूती के लिए सतत व सक्रिय कार्य करें ताकि आगामी सभी चुनावों में सार्थक परिणाम सामने आएं। उन्होंने कहा कि आदिवासी वनवासी नहीं बल्कि जल, जंगल और जमीन के मूल बारिशंदें है। भाजपा इसे कभी स्वीकार नहीं करती, इसीलिये सर्वोच्च पद पर रहते हुए भी उनकी मानष्किता निष्पक्ष नहीं है वे आज भी भेदभाव और हिनभावना की राजनीति कर रहे हैं। वनवासी कहकर आदिवासी के अस्तित्व, सम्मान और इतिहास का सीधा अपमान है, इस अपमान को आदिवासी अब नहीं सहेगा। एक ओर आदिवासी हितैषी होने का ढोंग करते हैं और फिर भरे मंच से आदिवासी समाज का अपमान करने से भी नहीं चूकते। अब वह समय आ चुका है कि हम सभी को एकजुट होकर देश और आदिवासियों के हित में कार्य करना होगा तभी हम जनविरोधी सरकार को उखाड़ फेंकेंगे।

उन्होंने उपस्थित ब्लॉक कांग्रेस अमरवाड़ा के पदाधिकारियों से बूथ कमेटियों, पंचायत कमेटियों के साथ ही क्षेत्रीय कमेटियों की गतिविधियों के सम्बध में जानकारी ली। आवश्यक दिशा निर्देश देने के साथ ही जनता की समस्याओं के निराकरण हेतु आंदोलन, धरना प्रदर्शन के लिए बनाई गई रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने कांग्रेसजन को अश्वस्त करते हुए कहा कि वे प्रत्येक कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता के साथ कांधे से कांधा मिलाकर खड़े हैं। इसीलिये डरने की बात नहीं है। आयोजित बैठक में लाखन पटेल, अशोक तिवारी, गुरूचरण खरे, प्रमेन्द्र बंटी साहू, प्रशांत शर्मा, चम्पालाल कुर्चे, कल्याण सिंह पटेल, शैलेन्द्र जैन सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरवाड़ा के समस्त पदाधिकारीगण, मोर्चा संगठन व विभाग प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्षगण व ब्लॉक अध्यक्षगण भी उपस्थित रहे।